की जा रही है और जैसे ही वह आयकर आयुक्त से प्राप्त होगी सदन की मेज पर रख दी जाएगी।

विवरण

31 मार्च को बकाया	वसूली के लिए बाकी रही रकम	बकाया को वसूल करने के लिए किए गए उपाए
1959	कुछ नहीं	—
1960	यथोपरि	—
1961	यथोपरि	—
1962	यथोपरि	—
1963	यथोपरि	—
1964	यथोपरि	—
1965	यथोपरि	—
1966	4,85,674 रुपये	उच्च न्यायालय द्वारा रोक दी गयी।
1967	यथोपरि	—

मैसर्स किर्लोस्कर आयल इंजन्स लिमिटेड, पूना

4353. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **वित्त मंत्री** 6 मई, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4583 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मैसर्स किर्लोस्कर आयल इंजन्स लिमिटेड, पूना को पिछले पांच वर्षों में दी गई विदेशी मुद्रा की राशि के सम्बन्ध में इस बीच जानकारी एकत्र कर ली गई है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो उपरोक्त जानकारी प्राप्त करने में और कितना समय लगने की संभावना है ?

उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) जी, नहीं।

(ख) यह सवाल नहीं उठता।

(ग) चूंकि सूचना पांच वर्षों के लिये इकट्ठी की जानी है तथा सरकार के कई विभागों से उसे इकट्ठा करना होगा, इसलिये यह ठीक-ठीक बताना संभव नहीं है कि इसमें अनुमानतः कितना समय लगेगा। इसे यथासंभव शीघ्र ही इकट्ठा करने के हर सम्भव उपाय किये जा रहे हैं।

इंडियन ट्यूबस कम्पनी लिमिटेड, कलकत्ता

4354. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1967-68 में मैसर्स इंडियन ट्यूब्स कम्पनी लिमिटेड, कलकत्ता पर कितना आयकर लगाया गया है; और

(ख) उक्त अवधि में इस कम्पनी ने कितना आयकर दिया और अभी कितनी राशि उससे वसूल करनी बाकी है ?

उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) वित्तीय वर्ष 1967-68 में कोई कर-निर्धारण नहीं किया गया।

(ख) सूचना इकट्ठी की जा रही है तथा यथासंभव शीघ्र ही सदन की मेज पर रख दी जाएगी।

पूना में विटामिन "सी" बनाने का कारखाना

4355. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को एक गैर-सरकारी समवाय से पूना में विटामिन "सी" बनाने का कारखाना स्थापित करने के लिये अनुमति लेने हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?